## वृद्ध दंपति से हुई लूट वारदात

**मालपुरा, ( निसं )।** टोडारायसिंह क्षेत्र की मैन्दवास थानान्तर्गत हमीरपुर गांव में बाडे में सो रही वृद्ध महिला के नाक से सोने की बाली तो पति के कानो से सोने की मुर्कियां तोड ले भागने की वारदात का एक सप्ताह बाद भी खुलासा नहीं होने से पीडित परिवारजन व ग्रामीणों में गहरा आक्रोश है। लूट की वारदात के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने जल्द लुटेरों की गिरफ्तारी व वारदात का खुलासा कर सोने की बाली व मुर्कियां बरामद करने का आश्वासन दिया था।

मिली जानकारी में सामने आया कि हमीरपुर गांव निवासी सत्यनारायण गुर्जर व उसकी पत्नी बाडे मे सो रहे थे। मध्य रात्री बाद दो शातिर चोर पूर्व में रैंकी कर चारपाई पर सो रहे सत्यनारायण के दोनो कानों में पहनी सोने की मुर्कियां पर झपट्टा मार तोड लिया। मुर्किया तोडने पर चिल्लाने की आवाज सुन पास ही सो रही पत्नि को जाग हुई तो शातिर चोरों ने वृद्ध महिला की आंखों में टॉर्च की रोशनी डाल नाक में पहनी सोने की बाली तोडकर मौके से भाग छुटे। दोनो पति-पत्नि लूट का शिकार होने पर चिल्लाये तो दौडकर मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने चोरों का पीछा भी किया लेकिन वो भागने में सफल रहे। सूचना पर पहुंची मैन्दवास थाना पुलिस ने पिडित दम्पति से बयान दर्ज कर चोरों की तलाश शुरू की।

# डेयरी व्यवसाय करने से होगा महिलाओं का सामाजिक एवं आर्थिक विकास

**भरतपुर ( निस )।** रूपवास पंचायत समिति के गॉव खान सूरजापुर में राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड) के वित्तीय सहायोग से एनजीओ एस.के.शिक्षण एवं सामाजिक विकास संस्थान भरतपुर द्वारा नाबार्ड की आजीविका और उद्यम विकास कार्यक्रम के तहत 10 दिवसीय डेयरी प्रशिक्षण का शुभारम्भ किया गया।




एनजीओ एस.के.शिक्षण एवं सामाजिक विकास संस्थान भरतपुर द्वारा नाबार्ड की आजीविका और उद्यम विकास कार्यक्रम के तहत 10 दिवसीय डेयरी प्रशिक्षण का शुभारम्भ किया गया।

जिसके मुख्य अतिथि नाबार्ड के जिला विकास प्रबन्धक राजेश कुमार मीना थे। सर्व प्रथम कार्यक्रम में मुख्य अतिथि नाबार्ड के जिला विकास प्रबन्धक राजेश कुमार मीना ने स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को सम्बोंधित करते हुए कहा कि जिले में डेयरी के विकास से ही महिलाओं का सामाजिक एवं आर्थिक विकास सम्भव है। क्योकि गॉव में अधिकतर महिलाऐं पशुपालन का कार्य करती है इसलिए नाबार्ड द्वारा यह डेयरी प्रशिक्षण आयोजित कराया जा रहा है।

जिससे सभी प्रशिक्षणार्थी महिलाओं को डेयरी के बारे में अच्छी जानकारी मिले और डेयरी पर तकनीकी प्रशिक्षण प्राप्त कर डेयरी व्यवसाय में सफलता अर्जित कर अपनी आजीविका चलाने में मदद मिले। क्योकि ग्रामीण महिलाओं के लिए डेयरी व्यवसाय करना सरल और अच्छा रहता है। क्योंकि अधिकांश महिलाऐं पहले से ही गॉव में परम्परागत तरीके से पशुपालन का कार्य करती आ रही है। इसलिए आज जरूरत है नवीन तकनीकी अपनाकर अच्छा लाभ लेने की। क्योंकि प्रशिक्षण लेकर महिलाऐं नवीन तकनीकी ज्ञान प्राप्त कर घर पर रह कर गाय भैंस पालकर दुग्ध उत्पादन से आय में वृद्धि करेंगी और अपने परिवार की आर्थिक स्थिति मजबूत करेगी।

जिसमें बताया कि प्रतिदिन अलग-अलग विषय पर अलग अलग विषय विशेषज्ञों द्वारा महिलाओं को प्रशिक्षण दिया जायेगा। जिसमें पशुपालन विभाग के सीनियर व सेवानिवृत विषय विशेषज्ञ तथा महात्मा गॉंधी वैटनरी कॉलेज तथा सफल डेयरी संचालकों व अनुभवी एक्सपर्टों द्वारा प्रशिक्षण दिलाया जायेगा। जिससे स्वयं सहायता समूह की महिलाऐं इस 10 दिवसीय डेयरी प्रशिक्षण से डेयरी व्यवसाय में निपुण हो सकें।

## सड़कों पर छाया अंधेरा

**पावटा, ( निसं )।** उपखंड पावटा क्षेत्र से होकर गुजर रहे राष्ट्रीय राजमार्ग 48 पर अंधेरा दूर करने के लिए एनएएचआई द्वारा यहां बिजली के पोल भी खडे कर दिए गए हैं। अधिकारियों द्वारा इन पोलो पर स्ट्रीट लाइट भी लगा दी गई हैं। लेकिन महिनों बीत जाने के बाद भी इनका कनेक्शन करना भूल गए। जिससे रात में सडक दुर्घटनाएं तो हो ही रही हैं साथ ही रात के अंधेरे में आपराधिक घटनाएं भी बढ रही है। शिकायत करने के बाद भी अंधेरी सडकों पर लाइट नहीं जलाई जा रही है।

अधिकारियों की लापरवाही के चलते रात में इन सडकों पर अंधेरा छाया रहता है। वाहन चालकों को सडक के गड्ढे व सडक पर बैठे जानवर नहीं दिखते हैं। इससे आए दिन वाहन चालक दुर्घटना के शिकार हो रहे हैं। हालांकि सडक पर होने वाली दुर्घटनाओं का एक बडा कारण मवेशियों का सडक पर विश्राम करना है। अंधेरा होने के कारण वाहन चालक को रात में स्पष्ट सडक दिखाई नहीं देती है, जिससे लोग मवेशियों से टकराकर दुर्घटनाग्रस्त हो जाते हैं। जिम्मेदारों द्वारा जनसुविधा के प्रति लापरवाही बरती जा रही है, जिसका खामियाजा जनता को दुर्घटना के रूप में भुगतना पड रहा है। रात आठ बजे के बाद अंधेरी सडकों से निकलने वाले नागरिकों को अनहोनी का डर बना रहता है।

## सार-समाचार

### चोरी का आरोपी गिरफ्तार



**भरतपुर ( निस )।** मथुरा गेट थाना पुलिस ने दुकान में चोरी के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार कर विधि से संघर्षरत एक बाल अपचारी को निरूद्व किया है। 23 अप्रैल को गिरीश विहार कॉलोनी निवासी प्रमोद ने अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ उसकी चंदन गार्डन के पास स्थित दुकान से 5 हजार रूपये व अन्य सामान चोरी कर ले जाने का मामला थाना मथुरा गेट पर दर्ज कराया था। जिस पर एएसआई राकेशमान ने अनुसंधान कर इस मामले के आरोपी राहुल निवासी सोगरिया मोहल्ला को गिरफ्तार कर विधि से संघर्षरत एक बाल अपचारी को निरूद्व किया गया है।

### कस्बा शहर के सभी हैण्डपंप खराब

**गंगापुर सिटी।** कस्बा शहर मे अधिकतर हैंडपंप खराब होने से खासकर बालाजी मंदिर जाने वाले श्रद्धालुओं को परेशानी का सामना करना पड रहा है। गांव के बालाजी मंदिर के पास लगे सभी हैंडपंप खराब तो कही हत्थे ही गायब हैं। यहां कुंड बालाजी, दीवान वाले बालाजी सहित कल्जी मास्टर के आगे लगा हैंडपंप व छतरी वाले कुएं के पास लगा हैंडपंप खराब होने से पेयजल संकट बना हुआ है। गांव के मुनेश मीणा, राहुल मीणा,जोरमल मीणा व रसीद खान ने विभाग के अधिकारियों को पत्र भेजकर हैंडपंप ठीक करवाएं जाने की मांग की है।

### झुलसने से सात बकरियों की मौत

**निवाई, ( निसं )।** गांव ललवाडी की माताजी की ढ ाणी में शनिवार को अचानक आग लग गई। आग में झुलसने से सात बकरियों की मौत हो गई। माताजी की ढ ाणी निवासी कन्हैयालाल पुत्र प्रभुलाल रैगर के कच्चे मकान में शनिवार की दोपहर में करीब 2 बजे अचानक भयानक आग लग गई जिससे सात बकरियों की झुलसने से मौत हो गई। उक्त घटना को लेकर परिवार में कोहराम मच गया। इस दौरान ग्रामीणों ने मिटटी व पानी डालकर आग को बुझाया। घटना की सूचना पर सरपंच मास्टर देवालाल गुर्जर मौके पर पहुंचे और पशु चिकित्सक अविनाश जैन झिलाय व गिरदावर बुद्धिप्रकाश सैनी को सूचना दी। सूचना पर पटवारी व दतवास पुलिस के बीट प्रभारी सुखराम गुर्जर ने मौके पर पहुंचकर अग्निशमन को बुलाकर ग्रामीणों की सहायता से आग पर काबू पाया। सरपंच देवालाल गुर्जर ने बताया कि पीडित परिवार बहुत गरीब है। वह अपनी आजीविका बकरियों से चलाता था। उक्त घटना को लेकर ग्रामीण छोटूलाल वर्मा, राजेश, प्रभु रैगर, नेनुलाल व गोपीराम सहित कई ग्रामीणों ने उच्चाधिकारियों को सरकार से पीडित परिवार को आर्थिक सहायता दिलवाने की मांग की है।

### नाटक पार्क का मंचन आज

**टोंक, ( निसं )।** एक्स्ट्रा एन ऑर्गेनाइजेशन के संयुक्त तत्वावधान में कम्युनिटी थिएटर टोंक द्वारा लेखक, अभिनेता मानव कौल द्वारा रचित नाटक पार्क का मंचन रविवार शाम 6.45 पर एक्सपेरिमेंटल स्टूडियो, देव नगर, बैरवा धर्मशाला के पीछे किया जाएगा। जिसका निर्देशन शहर के युवा रंगकर्मी, संगीतकार चितरंजन नामा ने किया हैं। विगत 7 वर्षो से लगातार शहर में रंगमंच की नींव को आगे बढ ते हुए कम्युनिटी थिएटर समूह ने अपनी नई जगह एक्सपेरिमेंटल स्टूडियो को तैयार कर एक नया रूप दिया है। सकारात्मक ऊर्जा और रचनात्मकता से सराबोर जगह पर यह समूह अब नाट्य प्रक्रियाओं को समाहित कर अब नाट्य प्रस्तुतियों का आयोजन करेगा। कम्युनिटी थिएटर टोंक ने टोंक का नाम रंगमंच के क्षेत्र में इतिहास के पन्नों में दर्ज किया है जहां फरवरी 2024 में थिएटर ग्रुप का नाटक द डैथ ऑफ गैलीलियो का मंचन एशिया के सबसे बडे नाट्य समारोह भारत रंग महोत्सव में मंचित हुआ।

### अधिक शराब पीने से युवक की मौत

**किशनगढ बास, ( निसं )।** बस स्टैंड परिसर में अधिक शराब के सेवन से 28 वर्षीय एक युवक की मौत हो गई। घटना की सूचना मिलने पर मौके पर भारी भीड का जमावडा लग गया। लोगों की सूचना पर किशनगढ बास थाना पुलिस मौके पर पहुंची। हेड कांस्टेबल हंसराज ने पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचकर घटना की जानकारी ली। इसके बाद मृतक के शव को किशनगढ बास सीएचसी की मोर्चरी में रखवाया गया। मृतक के भाई शहरुन पुत्र मुबीन ने पुलिस को जानकारी दी कि उसका भाई 28 वर्षीय मुस्ताक पुत्र मुबीन मेव किशनगढ बास के गांव मोठूका का निवासी था। जो कि किशनगढ बास में कचरा बीनने का काम करता था। पुलिस ने मृतक मुस्ताक मेव के शव का पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों को सौंप दिया।

### न्यायिक अधिकारी लगाने की मांग

**पावटा,( निसं )।** अभिभाषक संघ पावटा जिला कोटपूतली बहरोड प्रतिनिधि मंडल ने न्यायाधिपति अनूप कुमार दंड इंस्पेक्टिंग जज जयपुर जिला राजस्थान उच्च न्यायालय व रजिस्टार जनरल राजस्थान उच्च न्यायालय जयपुर पीठ व जिला जज एवं सेशन न्यायाधीश जयपुर से मिलकर पावटा स्थित एमजेएम कोर्ट में नियमित न्यायिक अधिकारी लगाने व न्यायालय भवन के निर्माण स्वीकृति जारी करने को लेकर ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन सौपते हुए प्रतिनिधि मंडल ने अवगत करवाया कि नियमित न्यायिक अधिकारी के नहीं होने पर पावटा व कोटपूतली के चक्कर लगाने से आमजन व अधिवक्ताओं को होने वाली परेशानियों व समस्याओं के बारे में बताया। इस पर अधिकारी गण द्वारा शीघ्र उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया गया। उक्त प्रतिनिधि मंडल में अभिभाषक संघ पावटा अध्यक्ष विष्णु कुमार शर्मा, उपाध्यक्ष सुरेश धानका, पुस्तकालय अध्यक्ष मुकेश कुमार यादव शामिल रहे।

# पिकअप व बाइक की टक्कर से पत्नी घायल, पति की मौत

- घटना का पता चलने पर आसपास के काफी संख्या में ग्रामीण मौके पर जमा हो गए और ग्रामीणों ने आक्रोश जताते हुए जाम लगा दिया
- घायल रूप सिंह ने मौके पर ही दम तोड दिया

**गंगापुर सिटी।** जयपुर रोड पर एक पिकअप की टक्कर से बाइक सवार पति की मौत हो गई, वहीं पत्नी घायल हो गई। हादसे से गुस्साए ग्रामीणों ने जाम लगा दिया। सूचना पर बामनवास पुलिस उपाधीक्षक संतराम मीना मौके पर पहुंचे और जाम खुलवाया। मृतक के शव और घायल को बामनवास सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां से घायल को जयपुर रेफर कर? दिया गया। हादसा गंगापुर सिटी जयपुर मेगा हाईवे पर डाबर और खेडली गांव के बीच नगर खेडा के पास शु?ऋवार रात करीब साढे 8 बजे हुआ। जानकारी के अनुसार तलवाडा उप तहसील के मच्छीपुरा गांव निवासी रूपसिंह गुर्जर (5०) पुत्र वंशी गुर्जर शाम करीब 7:00० बजे बाइक से अपनी पत्नी के साथ ससुराल नागडहेडा जाने के लिए निकला था। रात करीब 8:30० बजे गंगापुर जयपुर मेगा हाईवे पर पिपलाई से आगे खेडली और डाबर के बीच नागडहेडा के समीप रूप सिंह की बाइक को सामने से पिकअप ने टक्कर मार दी। हादसे में दोनों पति-पत्नी उछलकर दूर जा गिरे और गंभीर रूप से घायल हो गए।

कुछ ही देर में रूप सिंह ने मौके पर ही दम तोड दिया। घटना का पता चलने पर आसपास के काफी संख्या में ग्रामीण मौके पर जमा हो गए और ग्रामीणों ने आक्रोश जताते हुए जाम लगा दिया। जाम की सूचना पर बामनवास से पुलिस उपाधीक्षक संतराम पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों से समझाइश की। इसके बाद ग्रामीण जाम हटाने के लिए राजी हुए। पुलिस मृतक के शव और घायल को बामनवास सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर आई। जहां मृतक के शव को मॉर्च्युरी में रखवाया जबकि घायल को अस्पताल में भर्ती कराया। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर होने पर डॉक्टरों ने उसे जयपुर में कर दिया। शनिवार को पुलिस ने मृतक का पोस्टमॉर्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया।

# जमीन पर किया कब्जा हटाया



**भरतपुर।** कृषि महाविद्यालय भुसावर के सैंधली कृषि फार्म पर ग्रामीणों द्वारा किये गये अतिक्रमण जेसीबी मषीन द्वारा हटा दिये गये।

महाविद्यालय के डीन डॉ. उदय भान सिंह ने बताया कि राजस्थान सरकार ने भुसावर के गांव सैंधली की सिवायचक जमीन से 16.23 हेक्टर जमीन कृषि महाविद्यालय भुसावर को आवंटित की थी, महाविद्यालय द्वारा जमीन पर कब्जा प्रक्रिया के दौरान पता चला कि आवंटित जमीन पर ग्रामीणों ने कच्चे मकान व झोंपडी बनाकर कब्जा कर रखा है। इन अतिक्रमणों हटाने के लिए कानूनी प्रक्रिया के तहत ग्रामीणों को लिखित नोटिस दिये गये तथा ग्रामीणों की समझाइष की गयी। समझाइष के बाद ग्रामीणों ने अपने कच्चे मकानों से सामान हटा लिया। इसके बाद 26 अप्रेल 2024 शुक्रवार को ग्रामीणों की उपस्थिति में उनकी सहमति से अतिक्रमणों को ध्वस्त कर दिया गया। इस अवसर पर डॉ. राहुल कुमार, डॉ. विनोद भटेश्वर, डॉ. प्रवीण कुमार हटवाल, अतुल शर्मा, रेखा मीना सहित गांव सैंधली व नगला बन्ध के ग्रामीण उपस्थित थे।

# समृद्ध भारत अभियान के निदेशक सीताराम गुप्ता ने डीएम को भेजा सुझाव पत्र

**भरतपुर ( निस )।** समृद्व भारत अभियान के निदेशक सीताराम गुप्ता ने भरतपुर शहर की सब्जी हाट बाजार का बुनियादी विकास तथा ग्राहक व विक्रेताओं को आधुनिक सुविधा वास्ते जिला कलक्टर डॉ अमित यादव को पाचं सूत्रीय सुझाव पत्र भेजा है और साथ ही शहर में चलाए जा रहे अतिक्रमण हटाओं अभियान की सराहना करते हुए डीएम को साधुवाद बोला। साथ ही सब्जी विकेताओं को स्थाई सब्जी हाट बाजार निर्माण, मरम्मत एवं जीर्णोद्वार तथा बुनियादी विकास कराने का आग्रह किया।

निदेशक सीताराम गुप्ता ने सुझाव पत्र में लिखा है कि अतिक्रमण हटाओ अभियान के तहत कन्नी गूजर चौराहा से राजा मान सिंह सर्किल तक अतिक्रमण हटाए गए, जब हम लुपिन फाउण्डेशन में थे, तब कन्नी गूजर से राजा मान सिंह सर्किल तक सब्जी मार्केट टीन सेड निर्माण कराया गया। जहां प्रथम तो इस सब्जी मार्केट में सब्जी व फल विक्रेताओं को दुकानों का आवंटन होना चाहिए तथा सब्जी-फल के अलावा अन्य दुकान इस मार्केट में नही होनी चाहिए। उन्होने सुझाव दिया कि अब यह सब्जी मार्केट वृहद रूप ले चुका है और भारी सख्यां में ढकेलों से लोग अपने परिवार का लालन-पालन और जीवन-यापन करते है। अतः सडक के दूसरी ओर भी इसी प्रकार का सब्जी मार्केट का निर्माण होना चाहिए,जिससे सबको रोजगार मिले तथा यातायात भी सुगतता से चले। दूसरी ओर की भूमि सरकारी है। उन्होने अनाह गेट दरवाजा के बाहर स्थित सब्जी बाजार का विकास कराने का सुझाव देते हुए लिखा है कि नगर निगम के द्वारा अनाह गेट पर सब्जी मार्केट का निर्माण कराया गया। जहां रात्रि में अन्धेरा व दिन में आवारा जानवरों का बसेरा रहता है और मार्केट के अन्दर व उसके चारों ओर गन्दगी फैली हुई है। वर्तमान में ये मार्केट बहुत ही भद्दा लगता है। नगर निगम एवं प्रशासन को अनाह गेट सब्जी मार्केट को सवांरने की आवश्यकता है। जिससे इस सब्जी मार्केट का उपयोग हो सके। उन्होने जामा मस्जिद की सब्जी मण्डी की हालत पर चिन्ता प्रकट करते हुए सुझाव दिया कि जामा मस्जिद सब्जी मण्डी की हालत दयनीय है, यहां विक्रेता जमीन पर दुकान लगा कर सब्जी बेचते है। जो मानव स्वास्थ्य के लिए अनुकूल नही है।

### सब्जी मण्डी ये हो सुविधाए

भरतपुर शहर सहित जिले के प्रमुख कस्वा की सब्जी मण्डी एवं खुदरा बाजार में ग्राहक व विक्रेताओं को आधुनिक सुविधाए उपलब्ध होना अति-आवश्यक है। जहां सुलभ शौचालय, रोशनी, पेयजल व्यवस्था, सब्जी बाजार में दिन में वाहनो के प्रवेश पर रोक, कचरा पात्र, पोलीथिन उपयोग पर पाबन्दी आदि होना चाहिए।

## आईटीबीपी जवान का दिल का दौरा पड़ने से निधन

**कोटपूतली, ( निसं )।** कस्बे के निकटवर्ती ग्राम कुहाडा कल्याणपुरा निवासी आईटीबीपी जवान मनोहर लाल गुर्जर का विगत 25 अप्रैल को ड्युटी पर दिल का दौरा पडने से निधन हो गया। जिसका शनिवार को राजकीय सम्मान से अन्तिम संस्कार किया गया।

जानकारी के अनुसार ग्राम कुहाडा कल्याणपुरा निवासी मनोहर लाल गुर्जर (37) भारतीय तिब्बत सीमा पुलिस की 14 वीं बटालियन में कानि. जीडी के पद पर उत्तराखण्ड के पिथोरागढ में तैनात था। विगत 25 अप्रैल को परिजनों को बटालियन के उच्चाधिकारियों से सूचना प्राप्त हुई कि मनोहर का दिल का दौरा पडऩे से निधन हो गया है। जिसका गांव में पता चलते ही शोक की लहर दौड गई। शनिवार को मनोहर का शव आईटीबीपी के अधिकारी सडक़ मार्ग द्वारा ग्राम कल्याणपुरा कुहाडा लेकर पहुँचे। जहाँ राजकीय सम्मान से दिवंगत जवान का अन्तिम संस्कार किया गया। आईटीबीपी जवानों की टुकडी द्वारा मृतक मनोहर लाल को गार्ड ऑफ ऑनर भी दिया गया। मनोहर लाल के परिवार में पिता छोटू लाल, माता सजना देवी, पत्नी सुमन देवी, पुत्र कृष्ण व आशीष एवं दो पुत्रियां निशु व मोना समेत भाई रोहिताश है। उनके एक भाई रामशरण का पूर्व में ही सडक दुर्घटना में निधन हो गया था। मृतक जवान 20 दिन पूर्व ही 15 दिन की छुट्टी काटकर ड्युटी पर वापस लौटा था। अन्तिम संस्कार में पहुंचे विधायक हंसराज पटेल ने दिवंगत जवान को अपनी श्रद्धांजलि देते हुये परिजनों को ढांढ स बंधाया।

## स्वैच्छिक रक्तदान शिविर आज

**अलवर, ( निसं )।** दक्ष प्रजापति यूनियन ट्रस्ट की ओर से रविवार को ग्राम चिडवाई श्री सांवरिया विद्यालय में विशाल स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन होगा। प्रदेश अध्यक्ष रामकिशोर प्रजापति ने बताया कि जिला महासचिव स्वर्गीय सतीश कुमार प्रजापति की याद में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर प्रातः 9 से दोपहर 3 तक आयोजित किया जाएगा जिसमें समाज बंधुओं से आग्रह करता हूं कि इस पुण्य कार्य में भाग अवश्य लें और किसी का जीवन बचाने में सहयोग करें। इस मौके पर हमारी संस्था के मुख्य ट्रस्टी राजकुमार प्रजापति सहित पूरे जिले की टीम मौजूद रहेगी।

## रूद्रांश खण्डेलवाल का अभिनन्दन किया जावेगा

**भरतपुर ( निस )।** खण्डेवाल वैश्य समाज जिला भरतपुर-डीग की ओर से 28 अप्रेल रविवार को सांय 4.30 बजे खण्डेलवाल भवन खिरनीघाट, भरतपुर पर रूद्ंराश खण्डेलवाल इन्टरनेशनल चैम्पियनशिप शूटिंग में विश्व स्तर पर प्रथम वरीयता प्राप्त करने के उपलक्ष्य में अभिनन्दन किया जावेगा। पूर्व जिला अध्यक्ष नेमचन्द खण्डेलवाल एवं शहर अध्यक्ष रमेश चन्द गुप्ता रारह वाले ने बताया कि समारोह में जिला कार्यकारिणी के अलावा शहर कार्यकारिणी महिला मण्डल कार्यकारिणी एवं युवा मण्डल की कार्यकारिणी के सभी सदस्य उपस्थित रहेंगे।

# ऑपरेशन मेरी सहेली के तहत कोटा मंडल में 28 हजार 808 महिला यात्रियों को मिली सहायता

**गंगापुर सिटी।** पश्चिम मध्य रेलवे ने वित्तीय वर्ष में एक लाख से अधिक महिला यात्रियों की ऑपरेशन मेरी सहेली के तहत मदद की। इसमें कोटा रेल मंडल ने 5 हजार 716 यात्री ट्रेनों में 28 हजार 808 महिला यात्रियों की सहायता की गई।

कोटा मंडल में मेरी सहेली अभियान के तहत महिला यात्रियों की सुरक्षा पर विशेष जोर है। ऑपरेशन मेरी सहेली अभियान के तहत महिलाओं एवं बच्चों की सुरक्षा के लिए अहम भूमिका निभा रही है। महिला यात्रियों से काफी प्रोत्साहन के साथ सराहना भी मिली है। भारतीय रेलवे में महिला सुरक्षा के लिये ऑपरेशन मेरी सहेली पहल के तहत शुरुआत की थी, जिसका उद्देश्य ट्रेनों में यात्रा करने वाली महिला यात्रियों को सुरक्षा प्रदान करना है। ऑपरेशन के तहत जो महिला यात्री अकेले सफर करती है, उन यात्रियों का विशेष ध्यान मेरी सहेली रख रही है। अकेली यात्रा करने वाली महिला यात्री सुकून के साथ अब ट्रेन से सफर कर रही है।

भारतीय रेलवे में महिला सुरक्षा के लिये ऑपरेशन मेरी सहेली पहल के तहत शुरुआत की



गंगापुर सिटी महिला रेल यात्रियों का मेरी सहेली ऑपरेशन की जानकारी लेती पुलिस।

### कैसे काम करती ऑपरेशन मेरी सहेली

प्लेटफार्म पर ट्रेन के रुकते ही हर कोच में टीम की एक-एक महिला जवान अंदर जाकर महिला यात्री से मेरी सहेली की पूरी जानकारी देकर एक फॉर्म में उनका मोबाइल नंबर, नाम और अंतिम स्टेशन के बारे में पूछती है। ट्रेन में भी मेरी सहेली की टीम महिलाओं से लगातार संपर्क में रहती है। योजना के तहत ट्रेन से सफर तय करने वाली महिला यात्रियों के बीच सुरक्षा की भावना पैदा करना है। महिलाओं की सुरक्षा और समस्याओं से निपटने के लिए मेरी सहेली निगरानी रखती है। मेरी सहेली की टीम को इसकी शिकायत मिलते ही टीम के सदस्य रिस्पॉन्स देती है और समस्या को दूर किया जाता है। आरपीएफ महिला विंग की मेरी सहेली टीम बेहतर तरीके से अपनी जिम्मेदारी निभा रही है।

महिला आरपीएफ कर्मियों की टीम महिला यात्रियों पर फोकस करती है और उन्हें यात्रा के दौरान किस तरह सुरक्षित रहना है, इसकी पूरी जानकारी दे रही है। 139 और 182 आपातकालीन नंबर भी ऐसी महिला यात्रियों के साथ साझा किया जाता है। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक रोहित मालवीय ने बताया कि मेरी सहेली अभियान के तहत इस वर्ष एक लाख से अधिक महिलाओं की सहायता की गई है। जो गत वर्ष दोगुने से भी अधिक है। महिला की सहायता के लिए अभियान चलाया जा रहा है।

अभियान का उद्देश्य ट्रेनों में महिलाओं की सुरक्षा व सहायता के उद्देश्य ट्रेनों में महिला की सुरक्षा व सहायता करना है।

## महाविद्यालय संस्थापक को दी श्रद्धांजलि

**श्रीमाधोपुर, ( निसं )।** महात्मा गाँधी पी.जी. कॉलेज, श्रीमाधोपुर के संस्थापक स्वर्गीय चौधरी प्रताप सिंह खर्रा को महाविद्यालय प्रांगण में शनिवार को उनकी प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई। कार्यालय सचिव राकेश शर्मा ने बताया कि महाविद्यालय के संस्थापक शिक्षाविद स्वर्गीय चौधरी प्रताप सिंह खर्रा सेवानिवृत कृषि अधिकारी की 17वीं पुण्यतिथि पर निदेशक मोहर सिंह खर्रा, सचिव गीता खर्रा, प्राचार्य डॉ वी.के. सैनी, उप प्राचार्य विजेंद्र कुमार, विज्ञान संकाय प्रभारी विरेंद्र यादव, वाणिज्य संकाय प्रभारी मांगीलाल कुमावत, कला संकाय प्रभारी सुशीला देवी, कार्यालय प्रभारी कैलाश कुमार सिंह, एनसीसी सीटीओ सुरेश कुमार सामोता द्वारा पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई। एनसीसी सीटीओ सुरेश कुमार सामोता के नेतृत्व में एनसीसी कैडेट्स द्वारा भी श्रद्धांजलि अर्पित की गई तथा सभी छात्र छात्राओं ने पुष्प अर्पित किए। मांगीलाल कुमावत के नेतृत्व में एनएसएस सव्यंसेवकों द्वारा भी श्रद्धांजलि अर्पित की गई साथ ही उनके पुत्र रणवीर सिंह खर्रा, मोहर सिंह खर्रा, उषा खर्रा, गीता खर्रा व पौत्र-पोत्रियों व परिवार के सदस्यों द्वारा श्रद्धांजलि अर्पित की गई। निदेशक मोहर सिंह खर्रा ने बताया कि पिताजी ने वर्ष 2003 में महाविद्यालय की स्थापना की थी जिसका मुख्य उद्देश्य श्रीमाधोपुर व आसपास के गांवों के लोगों को उच्च शिक्षा उपलब्ध करवाना था।

# अतिराम सागर से गन्दा पानी की निकासी का शुभारम्भ आज

**हलैना ( निस )।** जिला परिषद भरतपुर के सीईओ वीरेन्द्र सिंह एवं एक्सईएन हरी शर्मा आदि अधिकारियों ने गत दिन कस्वा हलैना के अतिराम सागर की हालत देख सागर में भरे गन्दा पानी निकासी तथा जीर्णोद्वार का प्रस्ताव बनाने के निर्देश दिए,जिनकी पालना करते हुए ग्राम पंचायत ने शुक्रवार को गन्दा पानी निकासी को पम्प लगाया और सागर के गन्दा पानी को हलैना कैनाल में डाला जाने का निर्णय लेकर पम्प की ट्रायल ली और शनिवार से सागर का नियमित पानी निकासी शुरू की जाऐगी। जिसकी सफलता को हलैना के सरपचं दीपेश कुमार जाटव,जेटीओ बृजेश कुमार,ग्राम विकास अधिकारी श्यामलाल,सरपचं प्रतिनिधी मोहनसिंह डीलर आदि ने सागर एवं पम्प व्यवस्था का निरीक्षण किया। सागर से पानी निकासी व्यवस्था को लेकर कस्वा के लोगों ने खुशी प्रकट की। सरपंच दीपेश कुमार जाटव ने बताया कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने आदेशानुसार 8 अप्रेल को जिला परिषद के सीईओं वीरेन्द्र सिंह,एक्सईएन हरी शर्मा,वैर के विकास अधिकारी गिर्राजप्रसाद बुनकर,एईएन गोविन्द गर्ग आदि ने कस्वा के अतिराम सागर का निरीक्षण किया,जिन्होने सागर से गन्दा पानी निकासी,सागर के जीर्णोद्वार का प्रस्ताव,सागर में गन्दा पानी पर रोकथाम आदि के निर्देश दिए,जिनकी पालना करते हुए 26 अप्रेल को सागर से गन्दा पानी निकासी को पम्प लगाया गया,जिससे सागर का गन्दा पानी हलैना कैनाल में डाला जाऐगा। पानी निकासी व्यवस्था को 26 अप्रेल को पम्प की ट्रायल ली,जो सफल रही। अब सागर से 27 अप्रेल से नियमित पानी निकासी की जाऐगी। उसके बाद सागर का जीर्णाद्वार कराया जाऐगा।

### सागर में गन्दा पानी व कचरा डाला तो अब नही खैर

ग्राम विकास अधिकारी श्यामलाल जाटव ने बताया कि अतिराम सागर का साल 1702 में भरतपुर रिसायत के संस्थापक महाराजा सूरजमल के चचेरे भाई ठाकुर अतिराम सिंह ने निर्माण कराया था,देश की आजादी से साल 1995 तक सागर को बाणगंगा नदी में पानी की आवक होने पर भरा जाता था। 1996 से आज तक बाणगंगा नदी में पानी की आवक नही होने से सागर पानी से नही भरा गया। उसके बाद से केवल बरसात का पानी सागर में एकत्रित हो जाता। साथ ही कस्वा के कुछ लोगों के घर व शौचालय का पानी सागर में डाला जाने लगा। उन्होने बताया कि 27 अप्रेल से सागर से गन्दा पानी निकासी शुरू हो रही है और गन्दा पानी व कचरा डालने वालों लोगों की सूची तैयार की जा रही है,उन्हे नोटिस जारी होने और अब सागर में गन्दा पानी व कचरा डाला गया तो उसकी खैर नही।